Speed Post

Government of India
National Commission for Scheduled Tribes

6th floor, 'B' Wing, Loknayak Bhawan
Khan market, New Delhi-110 003.

File No. MLM/10/2012/STGDH/SEPROM/RU-I   Date: 29 /08/2016

To

The Secretary,
Department of Social Welfare,
Government of NCT of Delhi,
GLNS Complex, Delhi Gate
New Delhi – 110002.

Sub: Representation received from Shri Makhan Lal Meena, TGT, Government Lady Noyce Senior Sec. School for Deaf, Delhi Gate, New Delhi regarding promotion.

Sir,

I am directed to enclose a copy of the Proceedings of the Sitting held in the NCST on 17/06/2016 on the above mentioned subject for necessary action. Action Taken Report may be submitted to the Commission as soon as possible.

Encl: As above

Yours faithfully,

(Shailesh Kashyap)
Assistant Director

Copy to:

Shri Makhan Lal Meena, TGT,
Government Lady Noyce Senior Sec. School for Deaf,
Delhi Gate,
New Delhi-110002.

Copy for information to:

1. PS to Hon'ble Vice Chairperson, NCST
2. SSA NIC (for hosting on Commission's website)

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

फाईल सं0 MLM/10/2012/STGDH/SEPROM/RU-I

समाज कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार के बधिर विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति कोटे के अन्तर्गत मुख्य अध्यपाक पद पर पदोन्नति के संबंध में श्री मक्खन लाल मीना, टीजीटी, राजकीय लेडी नायस उच्चतर माध्यमिक बधिर विद्यालय, दिल्ली गेट, दिल्ली के मामले में आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री रवि ठाकुर के समक्ष दिनांक 17-06-2016 को अपराह्न 04:00 हुई सिटिंग का कार्यवृत्त।

बैठक में उपस्थित: परिशिष्ट 'क'

बैठक की तिथि: 17-06-2016

माननीय उपाध्यक्ष द्वारा श्री मक्खन लाल मीना, टीजीटी को पदोन्नति देने के मामले पर सचिव, समाज कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार, को चर्चा हेतु दिनांक 17.06.2016 को अपराह्न 04:30 बजे आयोग में बुलाया गया किन्तु सचिव, समाज कल्याण विभाग बिना किसी छूट के आयोग में उपस्थित नहीं हुए दूसरी ओर श्रीमती दिलराज कौर, निदेशक समाज कल्याण विभाग बिना प्राधिकृत पत्र के आयोग के समक्ष उक्त तिथि को चर्चा के लिए उपस्थित हुई जिसको आयोग ने गंभीरता से लिया है। अभ्यावेदक, श्री मक्खन लाल मीना भी आयोग के समक्ष उपस्थित हुए।

मामले पर माननीय उपाध्यक्ष ने अभ्यावेदक श्री मक्खन लाल मीना से उनकी शिकायत के बारे में पूछा जिस पर श्री मीना ने अवगत कराया कि वह समाज कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार के बधिर विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति वर्ग से एकमात्र प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (टीजीटी) है। उसने बताया कि बधिर विद्यालयों में प्रारंभ से और आजतक किसी भी अनुसूचित जनजाति के अध्यापक को मुख्य अध्यापक पद पर पदोन्नति नहीं दी गई है। श्री मीना ने बताया कि समाज कल्याण विभाग ने अब तक 10 अध्यापकों को मुख्य अध्यापक पद पर पदोन्नत कर दिया गया है और 11वां पद खाली हो चुका है जिस पर 13 पाइंट रोस्टर के Cadre Strength अनुसार अनुसूचित जनजाति वर्ग के अध्यापक को पदोन्नत किया जाना उचित है जिस पर उनकी पदोन्नति बनती है।

माननीय उपाध्यक्ष ने निदेशक, समाज कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार को कहा कि इस प्रकरण में पहले ही बहुत देरी की जा चुकी है जिस पर आयोग ने संज्ञान लिया है। माननीय उपाध्यक्ष ने निदेशक, समाज कल्याण विभाग को प्रकरण पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा जिस पर निदेशक ने आयोग को पूर्ण अश्वस्त होकर बताया कि श्री मक्खन लाल मीना, टीजीटी को बधिर विद्यालयों में मुख्य अध्यापक पद पर पदोन्नति देने की सम्पूर्ण कार्रवाई (भर्ती नियम एवं रोस्टर पाइंट अनुसार) तैयार कर ली गई है। विभाग द्वारा एक महीने के अन्दर श्री मीना को पदोन्नति देकर आयोग को सूचित कर दिया जाएगा।

माननीय उपाध्यक्ष ने सलाह दी है कि मामला लम्बे समय से आयोग में लंबित है। अभ्यावेदक (श्री मक्खन लाल मीना, टीजीटी) मुख्य अध्यापक पद पर पदोन्नति की पात्रता रखता है अतः अनुसूचित जनजाति कोटे के अन्तर्गत उनको मुख्य अध्यापक पद पर पदोन्नत किया जाए तथा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट आयोग को शीघ्र प्रस्तुत की जाए।

Ravi Thakur

रवि ठाकुर/RAVI THAKUR
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

परिशिष्ट–क

सं. MLM/10/2012/STGDH/SEPROM/RU-I

प्रकरण में दिनांक 17–06–2016 को हुई सिटिंग में भाग लेने वालों की उपस्थिति–

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

1.	श्री रवि ठाकुर,	उपाध्यक्ष
2.	श्री प्रमोद चंद	उप सचिव
4.	श्री मोहन दास	उपाध्यक्ष के निजी सचिव
3.	श्री एच0आर0 मीना	वरिष्ठ अन्वेषक
समाज कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार		
1.	श्री दिल राज कौर	निदेशक
2.	श्री सिनन्दी अजय कुमार	उप निदेशक
3.	श्री महेश कुमार	डिलिंग हैंड
अभ्यावेदक		
1	श्री मक्खन लाल मीना	